दैनिक भास्कर 18/08/2023

जीएमएन कॉलेज में एंटी रैगिंग पर रैली निकाली

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के एंटी रैगिंग सेल ने एनएसएस और महिला सेल के सहयोग से एंटी रैगिंग पर रैली निकाली। एंटी रैगिंग पर एक सप्ताह का उत्सव यूजीसी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को कॉलेज की रैगिंग विरोधी नीति व नियम का पालन करने का निर्देश दिया। एंटी रैगिंग सेल व महिला सेल की संयोजक डॉ. सीमा कंसल ने छात्रों को सबके साथ मित्रवत रहने की सलाह दी। एनएनएस इंचार्ज डॉ. अनीश ने बताया कि रैगिंग व्यक्ति में मानसिक दोष उत्पन्न करता है। मौके पर डॉ. मीनू राठी, डॉ. नियति, डॉ. अनुराधा भी मौजूद रहीं।